>

Title: Need to shift Bauxite Dumping Yard from residential area in Lohardaga Parliamentary Constituency, Jharkhand.

**श्री सुदर्शन भगत (लोहरदगा):** मेरे संसदीय क्षेत्र लोहरदगा अंतर्गत बाक्साईट का डम्पिंग यार्ड है, जिससे क्षेत्र की जनता के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। यह डम्पिंग यार्ड एक निजी खनन कम्पनी का है। इस डम्पिंग यार्ड के मेरे लोक सभा क्षेत्र लोहरदगा शहर के बीचोंबीच होने के कारण लगातार खुदाई होने से क्षेत्र में पीने के पानी हेतु जलस्तर में काफी गिरावट आई है तथा शहर में पेयजल की समस्या उत्पन्न होनी शुरू हो गई है। इस डम्पिंग यार्ड के कारण शहर में धूल के कण फैलने के साथ साथ ध्वनि और वायु प्रदूषण की मात्रा काफी बढ़ गई है और क्षेत्र की जनता की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में भी बढ़ोत्तरी हुई है। इस डम्पिंग यार्ड के कारण क्षेत्र में सुबह से शाम तक भारी वाहनों का आवागमन जारी रहता है, जिसके कारण क्षेत्र में गंभीर दुर्घटना तथा जाम की समस्या आम हो गई है। आज इस डम्पिंग यार्ड के कारण क्षेत्र में आम जनता का जीना दूभर हो चुका है। मैं पहले भी अपने स्तर पर काफी बार इसको स्थानांतरित करने हेतु आग्रह कर चुका हूं। इसलिए मेरा आपके माध्यम से सरकार से आग्रह है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए इसको शहर से दूर स्थानांतरित करने हेतु यथाशीघ्र उचित कार्रवाई करने का कष्ट करें।